THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EDUCATION AND SOCIAL WELFARE (SHIKSHA AUR SAMAJ KALYAN MANTRALAYA MEN UPMANTRI) (SHRI D.P. YADAVA) . (a) Yes, Sir.

(b) The teachers of the school had submitted a charter of demands to the management. These demands *inter alia* were :

(i) improvement of service conditions of the teachers, and

(ii) re-instatement of the Secretary, the Mother's International School Staff Association, whose services had been terminated by the Management

(c) The strike has since been called off and the school started functioning with effect from 6 5 1971 consequent upon settlement having been arrived at between the teachers and the Management

शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन

683. श्री आर० वी० बड़े : क्या शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या गुजरात विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह म अपने भाषण के दौरान राज्य के राज्यपाल ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली मे आमूल परिवर्तन करने और शिक्षा का भारतीयकरण करने की माग की थी ; और

(ख) यदि हां, तो इस दिशा मे क्या कदम उठाये गये हैं, इसके क्या परिणाम निकले हैं और इस सम्बन्ध मे क्या भावी कार्यक्रम है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री डी० पी० यादव): (क) गुजरात के राज्यपाल ने, गुजरात विश्वविद्यालय में अपने दीक्षांत भाषण मे अन्य बातो के साथ साथ यह कहा था कि (i) आजकल की विश्वविद्यालय की शिक्षा, गुणता को समुचित महत्व नहीं देती है, (ii) उच्च शिक्षा के स्वरूप मे मूलभूत परिवर्तन का प्रयास करने का अब समय आ गया है और (iii) दीक्षांत समारोहों के भारतीयकरण की आवश्यकता है। (ख) भारत सरकार द्वारा स्थापित शिक्षा आयोग ने, भारतीय शिक्षा पद्धति मे सुधार के लिये व्यापक सिफारिशें की है। इन सिफारिशो पर आधारित और राज्य सरकारो तथा विश्वविद्यालयो सहित विभिन्न संबंधित पक्षों के साथ लगातार परामर्श और विचार विनिमय करने के बाद, एक राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार करके उसकी घोषणा की गई है। उपलब्ध साधनों के अन्दर, इस नीति को कार्यान्वित करने का भरसक प्रयत्न किया जा रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सहायता योजनाओं का लक्ष्य भी उच्च शिक्षा के गुणता और प्रभाव-शीलता मे सुधार करना है।

शिक्षित/प्रशिक्षित युवको को वित्तीय सहायता

684. श्री आर० वी० बड़े :
श्री अटल बिहारी वाजपेयी :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होने गत अप्रैल मे सतारा में एक वक्तव्य दिया था कि यदि 5 से लेकर 10 शिक्षित तथा प्रशिक्षित युवकों का एक ग्रुप संयुक्त रूप से एक उद्योग चलाना चाहे तो सरकार उनको आवश्यक वित्तीय सहायता देगी, और

(ख) यदि हाँ, तो योजना के मुख्य रूप क्या है और उस पर लोगों की क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मन्त्री (श्री यशवंतराव चव्हाण) : (क) और (ख). वित्त मंत्री ने गत माह सतारा जिले मे एक सभा मे भाषण देते हुए देश